**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा**

Tel. no.-06341-223812, 8986915300
E-mail- rwdsheikhpura20@gmail.com

पत्रांक 1366 /    शेखपुरा, दिनांक 31/08/2024 /

प्रेषक,

ई0 विमल कुमार,
कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
महनार इन्फ्राटेक प्रा0 लि0,
मकान नं0–275, रोड नं0–05,
राजपुत नगर, हाजीपुर, जिला–वैशाली।
पिन–844101, मो0 नं0–8709844635.

विषयः– शीर्ष–MMGSY योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित पथ में अनुरक्षण कार्य कराने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक कहना है कि शीर्ष–MMGSY योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित पथ **चेवाड़ा लोहान पथ से छठियारा पश्चिम टोला सेड्यूल कास्ट टोला भाया जखराज स्थान पथ** का स्थल निरीक्षण संबंधित सहायक अभियन्ता द्वारा माह फरवरी 2024 में BRRMS App के माध्यम से किया गया, एवं निरीक्षणोपरान्त पथ को SRI (Satisfactory But Required Improvement) श्रेणी में रखा गया है, जिससे स्पष्ट है कि आपके द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है। आपके द्वारा किये गए एकरारनामा के अनुसार पंचवर्षीय अनुरक्षण कराना आपकी पूर्ण जबावदेही है।

अतः कार्यहित में निदेशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के सात दिनों के अन्दर संबंधित कनीयन्ता अभियन्ता के देख–रेख में सभी आवश्यक अनुरक्षण कार्य पूर्ण कराकर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित करें, अन्यथा वाध्य होकर आपके निबंधन को विभागीय डीबार सूची में डालने हेतु अनुशंसा भेजते हुए एकरारनामा विखंडण की कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन

31.8.24

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,
शेखपुरा